हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

10 अप्रैल 2025, समय 1810

- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत दी जाने वाली सामग्री की लागत में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि की।
- भारतीय जनता पार्टी के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा है कि वक्फ बोर्ड को लेकर बना नया कानून मुस्लिम समाज के हित में है।
- प्रधानमंत्री मरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार और यमुनानगर में दो बड़ी जनसभायें करेंगे।
- भिवानी में अवैध रूप से चलाई जा रही शिक्षा अकादमियों एवं गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर छापेमारी की गई।
- हरियाणा के आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथी दिवस पर पंचकूला में कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

*****************************************************************

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना यानी पी एम पोषण के तहत दी जाने वाली सामग्री की लागत में नौ दशमलव पांच-शून्य प्रतिशत की वृद्धि की है।केंद्र प्रायोजित इस योजना के अंतर्गत सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में बाल वाटिका तथा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले ग्यारह करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन परोसा जाता है।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नई दरें पहली मई से लागू होंगी। इस वृद्धि के कारण वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार के खजाने पर 954 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भर पड़ेगा।केंद्र सरकार इस योजना के तहत सामग्री लागत के अलावा, भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग 26 लाख टन

खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। सरकार खाद्यान्न की 100 प्रतिशत लागत वहन करती है। इसमें लगभग नौ हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष की सब्सिडी और भारतीय खाद्य निगम डिपो से स्कूलों तक खाद्यान्न की 100 प्रतिशत परिवहन लागत भी शामिल है।

**************************************************************

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आज नई दिल्ली में शुरू हुई। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने यह योजना लागू करने के लिए दिल्ली सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

**************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है कि हरियाणा में सरसों व गेहूं की खरीद सही □ग से हो रही है। किसानों की फसलों का उठान होते ही उनकी खरीदी गई फसल की अदायगी की जा रही है।

आज भिवानी में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा-

उन्होंने वक्फ बोर्ड को लेकर बने नए कानून को मुसलमानों के हित में बताया। उन्होंने कहा है कि अब वक्फ का पैसा ठेकेदारों की जेब की में जाने की बजाय मुस्लिम समाज के उत्थान में लगेगा।सांसद ने बताया कि उन्होंने संसद के माध्यम से भिवानी-महेन्द्रग□ लोकसभा में आईआईटी बनवाने की मांग भी रखी है। ताकि इलाके में प्रोद्योगिकी का उच्च संस्थान खुल सके।

**************************************************************

हरियाणा के खेल एवं उदयमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार और यमुनानगर जिला में दो बड़ी जनसभाएं

करेंगे।उन्होंने आज पलवल में पार्टी कार्यालय में आयोजित सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब प्रधानमंत्री प्रदेश के दो जिलों में जनसभाएं करेंगे। खेल मंत्री ने कहा -

उन्होंने जिले से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं सहित लोगों को इन सम्मेलनों में शामिल होने का आह्वान किया।

****************************************************************

भिवानी में आज शिक्षा विभाग ने अवैध रूप से चलाई जा रही शिक्षा अकादमियों व गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में छापेमारी कर उनके खिलाफ कार्रवाई की।
खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर ने बताया—

उन्होंने बताया कि अकादमियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखा गया है।पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों व स्कूल समय में अकादमी में न भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मान्यता प्राप्त स्कूलों व सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाए, जहां शिक्षा संबंधी नियमों की पालना सख्ती से होती है।

****************************************************************

हरियाणा के आयुष विभाग द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथी दिवस पर पंचकूला के सरकारी आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुएल हैनीमैन की जयंती पर मनाया जाता है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्र के पार्षद सुशील गर्ग एवं आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा द्वारा किया गया। मीडिया से बातचीत में डॉ. वासुधा वत्स ने कहा -

महानिदेशक संजीव वर्मा ने कहा कि हरियाणा में होम्योपैथिक कॉलेज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। और यह कॉलेज एक वर्ष के भीतर कार्यशील हो जाएगा। यह संस्थान समग्र उपचार के दृष्टिकोण को अपनाते हुए होम्योपैथी के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुल 318 मरीजों ने परामर्श लिया। रोगियों को

विभिन्न तीव्र और दीर्घकालिक रोगों के लिए होम्योपैथिक उपचार प्रदान किया गया।

*************************************************************

हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गतिविधियां शुरू हो गई हैं। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 75 दिन पहले योग शिविर शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए योग, प्राकृतिक चिकित्सा और ध्यान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।
डॉ जयदीप आर्य ने बताया -

उन्होंने कहा कि 27 मई को योग महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भागीदारी करेंगे।

*************************************************************

नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत निकाली जा रही साइक्लोथॉन रैली का आज बल्लभगढ़ पहुचने पर जोरदार स्वागत किया गया । अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि इस रैली का संदेश प्रदेश के हर कोने तक पहुंचेगा और युवा पीढ़ी को नशे के खिलाफ जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस साइक्लोथॉन रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। यह यात्रा आज बल्लभगढ़ होते हुए फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित स्टेडियम में विश्राम करेगी।कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस रैली को हरी झंडी दिखाकरअगले पड़ाव के लिए रवाना करेंगे।

*************************************************************